# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 12.02.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. राष्ट्रीय राजधानी में आधुनिक, डिजिटल और नागरिक केन्द्रित सुशासन की नई पहचान 'सेवा तीर्थ' परिसर का प्रधानमंत्री कल उद्घाटन करेंगे।

2. वैश्विक समुद्री मंच पर भारत ने लगाई बड़ी छलांग सैंतालीस देशों के बहुराष्ट्रीय प्रशिक्षण बल की कमान भारतीय नौसेना को बहरीन में दी गई।

3. द्वीप समूह की समृद्ध पक्षी विरासत को समर्पित 'प्रथम द्वीपीय पक्षी महोत्सव' चौदह फरवरी से चिड़ियाटापु में शुरू होगा।

4. निकोबार के बिग लपाती में बागवानी विकास से आजीविका सम्वर्धन ओर पोषण सुरक्षा की दिशा में नई पहल का शुभारंभ हुआ। ।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल राष्ट्रीय राजधानी में सेवा तीर्थ भवन परिसर की नाम पट्टिका का अनावरण करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन–1 और 2 का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री का कल शाम को सेवा तीर्थ में एक जनसभा को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। यह उद्घाटन देश की प्रशासनिक व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। सेवा तीर्थ में प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और मंत्रिमंडल सचिवालय स्थित हैं, जो पहले अलग–अलग स्थानों पर थे।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वामी दयानंद सरस्वती की दो सौ दो वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने समाज के साथ–साथ देश की शिक्षा प्रणाली का अमूल्य मार्गदर्शन किया। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने अपना पूरा जीवन अंधविश्वास, आडंबर और सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने में समर्पित कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने न केवल शिक्षा को बढ़ावा देने में बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा

को समृद्ध करने में भी अद्वितीय योगदान दिया। श्री मोदी ने कहा कि सामाजिक सुधार के लिए उनके प्रयास देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे। स्वामी दयानंद सरस्वती ने वेदों की ओर लौटो" का प्रसिद्ध नारा दिया था। उन्होंने अठारह सौ पचहत्तर में आर्य समाज की स्थापना की और लोगों को अंधविश्वास व रूढ़िवाद छोड़कर वेदों के मूल ज्ञान को अपनाने का संदेश दिया।

<><><><><><>

भारतीय नौसेना ने संयुक्त समुद्री बल के अंतर्गत महत्वपूर्ण बहुराष्ट्रीय प्रशिक्षण बल, संयुक्त कार्य बल एक सौ चौवन की कमान संभाल ली है। शौर्य चक्र से सम्मानित कमोडोर मिलिंद एम मोकाशी ने इटली नौसेना के निवर्तमान कमांडर से सीटीएफ एक सौ चौवन के कमांडर के रूप में औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि कमान परिवर्तन समारोह बहरीन के मनामा स्थित सीएमएफ मुख्यालय में आयोजित किया गया। नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल तरुण सोबती और अमरीकी नौसेना बलों के केंद्रीय कमान के कमांडर वाइस एडमिरल कर्ट ए रेनशॉ ने समारोह की अध्यक्षता की। संयुक्त कार्य बल–सीटीएफ एक सौ चौवन विशेष रूप से सीएमएफ के सदस्य देशों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर केंद्रित है। यह सीएमएफ के सैंतालीस देशों के बीच भारत की पेशेवर विशेषज्ञता, परिचालन अनुभव और पसंदीदा सुरक्षा भागीदार के रूप में क्षेत्र के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

<><><><><><>

पर्यावरण एवं वन विभाग द्वारा 14 से 17 फरवरी तक प्रथम द्वीप पक्षी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस चार दिवसीय महोत्सव का उद्देश्य पक्षी संरक्षण, जैव विविधता के महत्व तथा द्वीपों की समृद्ध पक्षी विरासत के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाना है। महोत्सव में विशिष्ट अतिथि वक्ता, प्रख्यात विशेषज्ञ, शोधकर्ता, छात्र, प्रकृति प्रेमी एवं आम नागरिक भाग लेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत चिड़ियाटापु में 14 फरवरी को उद्घाटन समारोह से होगी, जबकि 17 फरवरी को समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। महोत्सव की अवधि के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें पक्षी संरक्षण, प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा तथा जैव विविधता से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी। इसके साथ ही प्रतिभागियों के लिए पक्षी अवलोकन गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। यह महोत्सव न केवल द्वीपों की जैविक समृद्धि को रेखांकित करेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामुदायिक सहभागिता को भी सुदृढ़ करेगा। विभाग ने अधिक से अधिक लोगों से इस आयोजन में भाग लेकर प्रकृति संरक्षण के संदेश को आगे बढ़ाने की अपील की है।

<><><><><><>

शाखा एम एस एम ई –डी एफ ओ, श्री विजय पुरम द्वारा 09 से 11 फरवरी तक बहुउद्देशीय हॉल, डिगलीपुर में आयोजित तीन दिवसीय पीएम विश्वकर्मा प्रदर्शनी–सह–व्यापार मेला कल सम्पन्न हो गया। मेला में कुल सत्तावन स्टॉल लगाए गए, जिनमें पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों, एमएसएमई इकाइयों, स्वयं सहायता समूहों, कारीगरों तथा विभिन्न सरकारी विभागों ने भागीदारी की। इन स्टॉलों के माध्यम से विपणन सहायता प्रदान करने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया गया। विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

निकोबार जिले में "निकोबार में बागवानी विकास के माध्यम से आजीविका संवर्धन एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना" शीर्षक कार्यक्रम का उद्घाटन आज बिग लापाथी गांव के सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम क्षेत्र में बागवानी विकास को मजबूत करने तथा किसानों की आय और पोषण सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम का उद्घाटन कार निकोबार के सामुदायिक एवं जनजातीय परिषद के अध्यक्ष तथा प्रथम ग्राम कप्तान मनुआह थॉमस ने किया। इस अवसर पर नाबार्ड के महाप्रबंधक गोपालन संथानम, सहायक प्रबंधक प्रफुल देव तथा कृषि विज्ञान केंद्र, निकोबार के प्रमुख डॉ. संतोष कुमार विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। डॉ. संतोष कुमार ने स्वागत भाषण में कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। यह आयोजन आई सी ए आर–सी आई ए आर आई, श्री विजयपुरम के कार्यवाहक निदेशक डॉ. जय सुंदर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति निदेशालय और नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, नई दिल्ली के सहयोग से राजधानी श्री विजयपुरम में तीन दिवसीय पच्चीसवें भारत रंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव कल से 15 फरवरी तक डॉ भीम राव अम्बेडकर सभागार में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान हिंदी में तीन नाटकों का मंचन किया जाएगा। कल 'ताजमहल का टेंडर', 14 फरवरी को 'मै री मैं का से कहूं' और 15 फरवरी को 'बाबुजी' नाम के नाटक का मंचन किया जाएगा। सभी नाटको का समय शाम छ बजे रखा गया है। तीनों दिन कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

<><><><><><><>

आई सी सी पुरुष टी ट्वेन्टी क्रिकेट विश्व कप में भारत और नामीबिया के बीच मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में अब से कुछ देर पहले शुरू हुआ। इस बीच, श्रीलंका ने ओमान को एक सौ पांच रन से हरा दिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने निर्धारित बीस ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर दो सौ पच्चीस रन बनाये थे। जवाब में ओमान बीस ओवर में 9 विकेट पर एक सौ बीस रन बना सकी।

<><><><><><><>

कल सुबह साढ़े आठ से दोपहर 1 बजे तक बैफल रेंज में फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। आम नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुए फायरिंग क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>